निराली दीवाली

अति लघु उत्तर दीजिए -

क)चीनम्मा इसलिए रो रही थी क्योंकि उसे अपनी छोटी बेटी के इलाज के लिए पैसों की ज़रूरत थी |

ख) दीवाली में सबसे ज़्यादा रोशनी आलोक की कॉलोनी में हुई |

ग) बच्चों ने लगभग दो हज़ार रुपए इकट्ठे करके चीनम्मा को दिए |

लघु उत्तर दीजिए -

क) आलोक एक अच्छा और समझदार लड़का था | वह दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहता था | चीनम्मा की बेटी के इलाज के लिए उसने अपने दोस्तों को मनाकर दो हज़ार रुपए इकट्ठे करके चीनम्मा को दिए |

ख) सब बच्चों ने मिलकर पार्क में एक सभा की और मम्मी - पापा ने जो पैसे उन्हें पटाखे खरीदने के लिए दिए थे , वे पैसे उन्होंने खुशी से चीनम्मा को उसकी लड़की के इलाज के लिए दिए |

दीर्घ उत्तर दीजिए -

क) रोशन के विचार से सब बच्चे इस घटना के लिए इसलिए दोषी हैं क्योंकि उसका मानना है कि अगर कोई पटाखे नहीं

खरीदता तो पटाखे की फैक्टरी की जरूरत ही नहीं पड़ती | कोई घायल ही नहीं होता कहीं - न - कहीं इस घटना के लिए हम सब भी ज़िम्मेदार हैं |

ख) चीनम्मा के बारे में दीपा को याद आया कि एक बार जब वह स्कूल जा रही थी और एक पागल कुत्ता उसके पीछे पड़ गया था | तब चीनम्मा ने अपनी परवाह बिलकुल नहीं की थी और उसे बचाने के लिए दौड़कर गई थी तथा चिराग को याद आया कि पिछले साल जब मम्मी का ऑपरेशन हुआ था , तब वह आई थी और मेरे पास ही रुकी थी |